हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार 26 जुलाई 2025
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

2 कैलाशपुर-राजापुर के मध्य बेलसोता नाला पुल में आई बड़ी दरारें, बीच से धंस गया पुल



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

### जरुरतमंद होते हैं परेशान, प्रशासन को ध्यान दिए जाने की जरुरत

# लाखों खर्चः नहीं मिल रहा वाटर एटीएम का लाभ



पटना में बंद वाटर एटीएम।



जमगहना में बंद वाटर एटीएम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले से शुरू वाटर एटीएम योजना कोरिया में विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण दम तोड़ रही है।

कोरिया नीर वाटर एटीएम के नाम से प्रदेश का पहला वाटर एटीएम एक दशक पूर्व कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में स्थापित किया गया, इसके बाद शहर के कई जगहों के अलावा जिले केकई स्थानों पर कोरिया नीर वाटर एटीएम लगाया गया, इसके अलावा प्रदेशभर में वाटर एटीएम लगाने का कार्य किया गया। अब स्थिति यह है कि जहां से वाटर एटीएम की शुरूआत हुई, वहीं वाटर एटीएम लापरवाही की भेंट चढ़ गई। इसके चलते शहर में ही कुछ वाटर एटीएम स्थापित होने के बाद से बंद पडेÞ हैं, उनके शुरू करने को लेकर संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। शहर ही नहीं बल्कि जिलेभर में लाखों रूपए खर्च कर स्थापित कोरिया नीर वाटर एटीएम दम तोड़ रहे हैं। एक बार कही का वाटर एटीएम खराब हो गया तो फिर सुधार करने में महीनों बीत जा रहे हैं, लेकिन सुधार कार्य नहीं हो रहा है, इसके चलते क्षेत्र के लोगों को लाखों खर्च करने के बाद भी कोरिया नीर वाटर एटीएम का लाभ नहीं मिल रहा है। संबंधित विभाग के अधिकारियों को चाहिए कि शहर सहित जिले के जिन भी स्थानों पर वाटर एटीएम बंद पड़े हैं, उन्हें सुधार कर ⏭ शेष पेज 4 पर

### जिले के कई जगहों पर बंद पड़े हैं वाटर एटीएम

जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के शहरी क्षेत्रों के अलावा कई प्रमुख ग्रामीण अंचल में भी लाखों रूपए खर्च कर कोरिया नीर वाटर एटीएम की स्थापना की गई ,लेकिन वर्तमान समय में कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में ही कुछ एटीएम बंद पड़े हैं,वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित कई वाटर एटीएम महीनों से बंद पड़ा है। जानकारी के अनुसार वाटर एटीएम के देख-रेख एवं संचालन की जिम्मेदारी पीएचई विभाग को सौंपी गई है, लेकिन पीएचई विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, इसके चलते ही जिला मुख्यालय सहित जिले के अन्य प्रमुख स्थानों पर स्थापित वाटर एटीएम बंद पड़े गांव की शोभा बढ़ा रहे हैं और इसका लाभ क्षेत्र के लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

### क्षतिग्रस्त होने लगी यहां की वाटर एटीएम

एनएच 43 मुख्य मार्ग किनारे ग्राम जमगहना में भी लाखों खर्च कर लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मंशा को लेकर वाटर एटीएम कोरिया नीर स्थापित किया गया था। वर्तमान में ग्राम जमगहना में स्थापित वाटर एटीएम बंद पड़ा हुआ है। वाटर एटीएम का एक ओर का आधा शटर खुला है, लेकिन यह चालू हालत में नहीं और स्थापित वाटर एटीएम क्षतिग्रस्त भी हो गया है। रख-रखाव पर संबंधित विभाग के जिम्मेदारों के द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के कारण इस तरह की स्थिति निर्मित हो गई।



## झमाझम बारिश से मौसम खुशनुमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कई दिनों से क्षेत्र में बारिश की गतिविधियां थम सी गई थी, इसके चलते उमस भरी गर्मी से लोगों को हलाकान होना पड़ रहा था।

इसी बीच गुरूवार की रात्रि में जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिले के कई क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई, इसका असर यह रहा कि दूसरे दिन उमस भरी गर्मी से राहत मिल गई। वहीं दूसरे दिन दोपहर बाद से जिले के कई क्षेत्रों में कुछ देर की जमकर बारिश हुई। इस दिन शहर में अपरान्ह 4:30 बजे उमड़ते-घूमड़ते बादल जमकर झमाझम बरसे। कुछ देर की बारिश से शहर तरबतर हो गया। बारिश के चलते कुछ देर के लिए सड़कों पर आवागमन कम हो गया। वहीं जमकर हुई कुछ देर की बारिश के बाद मौसम खुशनुमा हो गया और हवाओं में ठंडक घुल गई। इस दिन शहर सहित बैकुंठपुर जनपद क्षेत्र के कई ग्रामीण अंचल के साथ सोनहत जनपद क्षेत्र के कई क्षेत्रों में अपरान्ह के समय झमाझम बारिश हुई। इस वर्ष अब तक अच्छी बारिश के चलते खेतों में धान का रोपा लगाने के लिए सुबह होने के साथ ही ग्रामीण परिवार खेतों में पहुंच कर रोपा लगाने के काम में जुट रहे हैं। अच्छी बारिश के चलते ही इस बार जुलाई के मौसम में ही ज्यादातर क्षेत्रों में धान रोपाई का कार्य पूरा कर लिया गया है।

■ उमस भरी गर्मी से मिली राहत

## खबर संक्षेप

### पर्यटन सम्मेलन का आयोजन आज

**अनूपपुर।** रीवा एवं शहडोल संभाग के क्षेत्रीय पर्यटन सम्मेलन पर्यटन कॉन्कलेव का आयोजन 26 एवं 27 जुलाई को रीवा के कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। जिसका शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्य कार्यक्रम 26 जुलाई को दोपहर 2 बजे कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में किया जाएगा। इस कॉन्कलेव का उद्देश्य विंध्य क्षेत्र विशेष कर रीवा एवं शहडोल संभाग में पर्यटन क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने और पर्यटन अधोसंरचनाओ एवं सेवाओ के समग्र विकास के साथ पर्यटकों को आकर्षित करना है। कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला सहित प्रदेश सरकार के अन्य मंत्रीगण तथा अतिथि शिरकत करेंगे।

### मिठाई खिलाकर बच्चों को वितरित की गई किताबें



**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय कोथारी में विद्यालय प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कोथारी के सरपंच एवं एसएमडीसी अध्यक्ष राजन यादव और जनपद सदस्य आनंद सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद बच्चों द्वारा स्वागत गीत एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान मुख्य अतिथि राजन यादव और प्राचार्य श्रीकांत लांजेवार ने बच्चों को मिठाई खिलाकर निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की और शिक्षा के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश लेने वाले बच्चों एवं उनके अभिभावकों को स्कूल से जोड़ना और शिक्षा के प्रति जागरूक करना था। पूरे आयोजन के दौरान माहौल उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायक बना रहा। विद्यालय के शिक्षक अविनेश नामदेव, सुखदेव, कमला खेस, खुशबू मजूमदार, पूजा जायसवाल, सुषमा मिनोचा, नेहा डडसेना, ठाकुर प्रसाद, रघुराज सिंह, विजय सिंह, नूतन कुजूर, पारसनाथ यादव, परमेश्वर साहू समेत समस्त स्टाफ का कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान रहा।

### जिले में अब तक 582.4 मि.मी. वर्षा दर्ज

**मनेन्द्रगढ़।** जिले की भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी ऑकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में जिले में औसत 40.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि कोटाडोल तहसील में अब तक की सर्वाधिक 740.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से 24 जुलाई तक जिले में कुल औसत 582.4 मिमी वर्षा भू-अभिलेख शाखा द्वारा दर्ज की गई है, जो खरीफ फसलों की बोआई के लिए अनुकूल मानी जा रही है। भू-अभिलेख शाखा के अनुसार तहसीलवार वर्षा की बात करें तो मनेन्द्रगढ़ में 602.4 मिमी, खड़गवां में 486.8 मिमी, चिरमिरी में 537.7 मिमी, केल्हारी में 464.5 मिमी, भरतपुर में 663.1 मिमी और कोटाडोल में 740.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

## स्कूल परिसर में साफ की गई शराब की बोतलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

हरिभूमि इम्पैक्ट



शहर के शासकीय आदर्श रामानुज उमावि परिसर के पास संचालित प्रतिष्ठित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय भवन के किनारे हिस्से में कई शराब की बोतले मिलने की खबर प्रकाशन के बाद नगर पालिका द्वारा साफ-सफाई की गई। विदित हो कि हरिभूमि ने 24 जुलाई को प्रकाशित अंक में शहर के मध्य स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में असामाजिक तत्वों के द्वारा शराबखोरी की खबर का प्रकाशन किया था। इस पर संज्ञान लेने के बाद नगर पालिका कर्मियों के द्वारा उक्त विद्यालय भवन के एक किनारे हिस्से में फेंकी गई शराब की बोतलों को एकत्र कर परिसर की साफ-सफाई की गई। उल्लेखनीय है कि स्वामी आत्मानंद विद्यालय मिनी स्टेडियम परिसर में संचालित है और शाम ढलने के साथ ही असामाजिक तत्वा मिनी स्टेडियम परिसर के अलावा उक्त विद्यालय के किनारे हिस्से में बनी सीढ़ियों में बैठकर नशाखोरी करते हैं। शाम ढलने के बाद उक्त क्षेत्र पूरी तरह से सूना हो जाता हैं और इसके चलते नशा करने वाले असामाजिक तत्वों के लिए यह जगह सुरक्षित होता है। इसी का फायदा उठाकर अक्सर असामाजिक तत्व मिनी स्टेडियम एवं स्वामी आत्मानंद विद्यालय के भवन के किनारे हिस्से में बैठकर शराब एवं अन्य नशे का उपयोग करते हैं।

### कलेक्टर ने चंगेरी आंबा केन्द्र का किया निरीक्षण

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत चंगेरी स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्र की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन करते हुए बच्चों के पंजीयन, पोषण आहार वितरण, स्वच्छता एवं अन्य गतिविधियों की विस्तृत जानकारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से प्राप्त की।

कलेक्टर श्री पंचोली आंगनबाड़ी में पंजीकृत बच्चों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि केन्द्र में कुल 35 बच्चे पंजीकृत हैं। कलेक्टर श्री पंचोली ने गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की संख्या तथा उन्हें उपलब्ध कराए जा रहे पोषण आहार की जानकारी भी ली।

## बालगृह के बालक को मिला दिल्ली से विशेष आमंत्रण

**बैकुण्ठपुर।** बालगृह (बालक) बैकुण्ठपुर में निवासरत बालक को 15 अगस्त को दिल्ली के लालकिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में बुलाया गया है।

महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार 15 अगस्त को दिल्ली के लालकिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मिलित होने के लिए प्रदेश के 9 प्रतिभागियों को अवसर मिला है, इनमें से बालक भी शामिल है। संबंधित बालगृह के संरक्षण में रहते हुए शिक्षा, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा में उसने 85 प्रतिशत अंक अर्जित कर बालगृह सहित पूरे जिले का नाम रोशन किया है। वर्तमान में वह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में वाणिज्य संकाय से कक्षा 11 वीं में अध्ययनरत है और चार्टर्ड एकाउंटेंट बनने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। जिला बाल संरक्षण इकाई ने जानकारी दी है कि संस्था में आने के समय बालक की पारिवारिक स्थिति कमजोर थी, किंतु बालगृह में दी जा रही काउंसिलिंग, केयर प्लान, नियमित स्वास्थ्य जांच और शिक्षकीय सहयोग से बालक के व्यक्तित्व और सोच में सकारात्मक बदलाव आया है। आकाश की रुचि पेंटिंग, नृत्य और कंप्यूटर जैसे क्षेत्रों में भी है, जिसमें उसका प्रदर्शन सराहनीय रहा है। योग ओलंपियाड में उसने लगातार तीन वर्षों तक राज्य स्तर पर जिले एवं संभाग का प्रतिनिधित्व किया, इसके अलावा उसने कोरबा में एनसीसी प्रशिक्षण प्राप्त कर जूनियर एनसीसी कमांडर के रूप में 15 अगस्त 2024 और 26 जनवरी 2025 को भरतपुर-सोनहत विधानसभा के विधायक श्रीमती रेणुका सिंह के समक्ष परेड में भाग लेकर सलामी दी। उसकी इन उपलब्धियों को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा उसे सम्मानित भी किया गया है। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी एसएन रावटे ने बालक आकाश को दिल्ली आमंत्रण के लिए शुभकामनाएं दीं।

■ लालकिले आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में होगा शामिल

## युवक को 3 भालुओं ने किया घायल



अस्पताल में भर्ती घायल युवक ।

**जनकपुर।** शौच के लिए घर के नजदीक जंगल गया एक युवक को तीन भालुओं ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजन ने घायल युवक को इलाज के लिए जनकपुर अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए शहडोल रिफर कर दिए।

वहीं घटना की सूचना मिलने पर बहरासी वन परिक्षेत्राधिकारी इंद्रभान पटेल अस्पताल पहुंचकर घायल के परिजन को 5 हजार रूपए की तत्कालिक सहायता राशि उपलब्ध कराए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार को ग्राम रांपा के सनोहरपारा निवासी दिलीप सिंह पिता इंद्रपाल सिंह गोड़ उम्र 21 वर्ष गांव से लगे हुए बहरासी वन परिक्षेत्र अंतर्गत रांपा बीट के जंगल में शौच के लिए गया था। इसी दौरान पास के झाड़ियों से अचानक तीन जंगली भालू बाहर निकले और दिलीप सिंह के ⏭ शेष पेज 4 पर

■ बहरासी वन परिक्षेत्र का मामला

### आनलाइन धोखाधड़ी 6 आरोपी गिरफ्तार

**अनुपपुर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि पुणे महाराष्ट में भेजी गई कोतवाली पुलिस टीम ने जिले में गेमिंग एप में दोगुना तिगुना रकम देने का लालच देकर धोखाधड़ी करने एवं आनलाइन सट्टा खिलाने में पंजीबद्ध प्रकरण में गिरोह के 6 अन्य आरोपियों को पुणे से रंगे हाथों गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है,जिला पुलिस द्वारा अब तक उक्त अंतरराष्टीय गिरोह के 13 आरोपियों को कोतमा, इन्दौर एवं पुणे (महाराष्ट) से गिरफ्तार किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि 12 जुलाई को फरियादी दीपक राठौर उम्र 35 वर्ष के द्वारा पुलिस को शिकायत की गई कि संस्कार जायसवाल एवं घनश्याम बसोर दोनो निवासी कोतमा द्वारा गेमिंग एप में पैसा लगाकर रूपए दोगुना, तिगुना करने का लालच देकर धोखाधड़ी कर 5 हजार रुपए की धोखाधड़ी की गई है। उक्त रिपोर्ट पर थाना कोतवाली अनूपपुर में अपराध क्रमांक 350/25 धारा 318 (4), 3(5), 112 बीएनएस 4 (क) पब्लिक गैम्बलिंग ऐक्ट पंजीबद्ध उक्त दोनों आरोपियों को का गिरफ्तार किया गया।

## कलेक्टर ने जिला स्वास्थ्य मिशन की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर




जिला स्वास्थ्य मिशन एवं स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में एनआरसी पोषण पुनर्वास केन्द्र की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को पोषण और चिकित्सा सुविधा देकर सामान्य श्रेणी में लाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एनआरसी में बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता को भी पोषण शिक्षा और परामर्श दिया जाना चाहिए। कलेक्टर ने उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) के मामलों की नियमित निगरानी, विशेष रूप से हर माह 9 तारीख को होने वाली जांच में प्राथमिकता से चिन्हांकन व उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों की उपेक्षा से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा की, धीमी प्रगति पर बैकुंठपुर के बाल विकास परियोजना अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई गई। कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण और उच्च जोखिम गर्भावस्था के मामलों में सुधार हमारी जिम्मेदारी है, लेकिन विभागीय निष्क्रियता चिंता का विषय है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सुधार नहीं हुआ तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी एनएस रावटे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

■ एनआरसी व एचआरपी में लापरवाही पर सीडीपीओ पर जताई

### शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाएंः कलेक्टर

कलेक्टर ने आयुष्मान भारत और वय वंदन कार्ड की प्रगति की समीक्षा करते हुए सोनहत, पटना, बचरा-पोड़ी और बैकुंठपुर के ब्लॉक प्रोग्राम प्रबंधकों को 30 जुलाई तक शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। साथ ही, धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आयोजित आधार शिविरों में लाभार्थियों को पहुंचाकर कार्ड बनवाने की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने को कहा।

### कार्यालय समय पर पहुंचे

कलेक्टर ने सभी सामुदायिक, प्राथमिक व उप-स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यरत कर्मियों की आधार आधारित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और स्पष्ट कहा कि समय पर स्वास्थ्य केन्द्रों में उपस्थित न होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग को आपसी समन्वय मजबूत करने के निर्देश दिए और कहा कि अगली बैठक भी दोनों विभागों की संयुक्त उपस्थिति में की जाएगी।

### महापौर बोले- यह बजट जनता को समर्पित

# नगर निगम चिरमिरी का बजट पेश, विपक्ष ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल





नगर पालिक निगम चिरमिरी की सामान्य सभा की बैठक सभापति संतोष सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में महापौर रामनरेश राय, सांसद प्रतिनिधि शंकर राव, विधायक प्रतिनिधि राजू नायक, निगम अधिकारी एवं पार्षदगण उपस्थित रहे। बैठक में नगर निगम का वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट प्रस्तुत किया गया।

महापौर श्री राय ने बताया कि इस वर्ष का बजट जनता की मूलभूत जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। अनुमानित कुल आय 684 करोड़ 74 लाख 58 हजार, अनुमानित व्यय 684 करोड़ 69 लाख 29 हजार, अनुमानित बचत 5 लाख 29 हजार रूपए है।

बीते वर्ष की तुलना में बजट में आय-व्यय और लाभ में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। वहीं कुल आय 433 करोड़ 58 लाख 72 हजार, व्यय 433 करोड़ 49 लाख 80 हजार, लाभ 8 लाख 92 हजार रूपए है। महापौर ने बजट में जल आवर्धन योजना, अमृत मिशन 2.0, घर-घर नल कनेक्शन, उद्यान निर्माण और सुंदरीकरण जैसे कार्यों को प्राथमिकता ⏭ शेष पेज 4 पर

### विपक्ष का घेराव, तीखे सवाल

कांग्रेस पार्षदों ने सदन में साफ-सफाई, प्लेसमेंट कर्मचारियों के रवैए, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे विषयों को लेकर निगम प्रशासन को घेरा। नेता प्रतिपक्ष गायत्री विरहा, राहुल भाई पटेल, इम्तियाज अहमद, दीपा दुबे, गुलाम साबिर, गंगा प्रसाद, सैयद अनीस सहित अन्य पार्षदों ने कुल 15 प्रश्नों की सूची प्रस्तुत की, जिनका उत्तर एमआईसी सदस्यों रामअवतार देवंगन, संध्या सोनवानी, नरेन्द्र साहू, अयुषी सिंह एवं मनोज डे द्वारा दिया गया। सदन में यह मुद्दा भी उठा कि एसईसीएल कॉलोनी में सफाई कर्मी काम नहीं कर रहे और हर सेक्टर में चार-पांच सुपरवाइजर होने के बावजूद सफाई व्यवस्था बदहाल है। विपक्ष के सुझावों और नोक-झोंक के बीच महापौर ने आश्वासन दिया कि सभी सुझावों को संशोधित बजट में शामिल किया जाएगा। अंततः बजट को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

## पीएम मातृ वंदना योजना के तहत 31 तक पंजीयन

**बैकुण्ठपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनांतर्गत 15 से 31 जुलाई तक जिले में विशेष पंजीयन अभियान संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य है गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं का शत-प्रतिशत पंजीयन कर उन्हें योजना का लाभ पहुंचाना, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा पोषण स्तर में उल्लेखनीय सुधार हो सके। इस योजना के अंतर्गत गर्भावस्था के दौरान आय में संभावित क्षति की आंशिक पूर्ति के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। यह लाभ केवल पहली और दूसरी संतान तक सीमित है। प्रथम संतान पर 5000 रूपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है, जिसमें पहली किस्त 3000 और दूसरी किस्त 2000 रूपए होती है। द्वितीय संतान यदि बालिका हो, तो 6000 रूपए की एकमुश्त राशि दी जाती है। वर्ष 2024-25 में अब तक कोरिया जिले की 2 हजार 542 महिलाओं को इस योजना का लाभ दिया गया है। उनके खातों में कुल 1.33 करोड़ रूपए की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से जमा की गई है। हितग्राहियों को योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए निकटतम आंगनबाड़ी केन्द्र में पंजीयन कराना आवश्यक है। आवेदन करते समय आधार कार्ड, डीबीटी इनेबल्ड बैंक खाता विवरण, जच्चा-बच्चा कार्ड, स्वयं, पति या परिवार के किसी सदस्य का मोबाइल नंबर संलग्न करना अनिवार्य है। अभियान की व्यापक सफलता के लिए सेक्टर पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सतत सक्रियता के निर्देश दिए गए हैं।

■ 2542 हितग्राहियों को मिला अब तक लाभ

## खबर संक्षेप



### भाजपा अनुसूचित जनजाति करेगा जिला स्तरीय सम्मेलन

**अम्बिकापुर।** संकल्प भवन में गुरूवार को भाजपा अजजा मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। बैठक में आदिवासी मोर्चा को संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त बनाने तथा जमीनी सक्रियता बढ़ाने के उद्देश्य से विस्तृत चर्चा की गई। रणनीतियों और आगामी कार्ययोजना को लेकर सुझाव लिए गए। प्रदेश उपाध्यक्ष राम लखन पैकरा ने कहा भाजपा की विचारधारा हमेशा आदिवासी समाज के उत्थान और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध रही है। जनजातीय समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि संगठन की शक्ति है। हमें संगठन और समाज के बीच सेतु बनकर कार्य करना है ताकि अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं और नीतियां पहुंचे। इस दौरान जिलाध्यक्ष धनराम नागेश, महामंत्री पूरन सिंह टेकाम, कमलेश टोप्पो, संजय कुसरो, जगत राम, राजा चावर, ओमप्रकाश टेकाम, बातन राम, मिथलेश नागेश, रवि टेकाम, अविनाश सोनपाकर एवं सोनू कुमार उपस्थित थे। पदाधिकारियों ने आदिवासी समाज के बीच पार्टी की नीति, नीयत और विकास कार्यों को पहुंचाने की प्रतिद्धता दोहराई तथा संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

### राहुल हायर सेकेण्डरी स्कूल के सांसद प्रतिनिधि नियुक्त

**रामनगर।** सांसद चिंतामणि महाराज ने राहुल जायसवाल को शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल का अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। सांसद की अनुपस्थिति में वे बैठकों में उनका प्रतिनिधित्व करेंगे। राहुल को यह जिम्मेदारी उनकी समाज के प्रति सक्रिय भूमिका जनसेवा भावना और युवाओं में लोकप्रियता को देखते हुए दी गई है।

### केआर टेक्निकल कॉलेज में मनाई गई संत गहिरा गुरू की जयंती

**अम्बिकापुर।** केआर टेक्निकल कॉलेज में गुरूवार को संत गहिरा गुरू की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.रितेश वर्मा ने अपने व्याख्यान में संत गहिरा गुरू के जीवन दर्शन, संघर्ष और समाज सुधार के कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वे केवल धार्मिक संत नहीं थे, बल्कि जनजातीय समाज के आत्मसम्मान और अधिकारों के सशक्त स्वर थे। गहिरा गुरू ने शिक्षा, सेवा और स्वाभिमान को समाज उत्थान का मूलमंत्र बनाया। उन्होंने आदिवासी समाज को नशा, अंधविश्वास और शोषण से बाहर निकालने का साहसिक प्रयास किया। छत्तीसगढ़ शासन ने उनके योगदान को देखते हुए सरगुजा विश्वविद्यालय का नाम संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय रखकर उन्हें यथोचित श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस दौरान एक दीपक जो जंगल में जला शीर्षक से संत गहिरा गुरू की प्रेरक कथा सुनाई गई। इस कहानी में एक साधारण बालक के असाधारण संकल्प को दर्शाया गया, जिसने समाज में बदलाव की अलख जगाई। बिना किसी औपचारिक शिक्षा के उसने सेवा, जागरूकता और सत्य की शक्ति से समाज को दिशा दी और अंततः एक युगपुरूष के रूप में स्थापित हुआ। कार्यक्रम का समापन उनके विचारों को आत्मसात करने और विद्यार्थियों तक पहुंचाने के सामूहिक संकल्प के साथ किया गया।

### अजय बने आर्ट ऑफ लिविंग के व्यसन मुक्ति शिक्षक

**अम्बिकापुर।** लम्बे समय से नशामुक्ति एवं काउंसलिंग के क्षेत्र में काम कर रहे आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों के लिए बेंगलुरु स्थित अंतर्राष्ट्रीय आश्रम में आयोजित



शिक्षक प्रशिक्षण में देशभर के 65 प्रतिभागियों ने भागीदारी की तथा प्रशिक्षण में प्राप्त कर व्यसन मुक्ति शिक्षक बने। प्रशिक्षण में आर्ट ऑफ लिविंग कर्मयोग राज्य समन्वयक तथा नवा विहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान तथा परामर्श केंद्र के समन्वयक अजय कुमार तिवारी प्रशिक्षण में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा सरगुजा संभाग में हर माह नशामुक्ति शिविर एवं नवम्बर माह से नशामुक्ति केंद्र संचालित किया जाएगा।

अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर बंद कराया आवागमन, पुल के दोनों तरफ लगाया गया बांस व झाड़ियां

# कैलाशपुर-राजापुर के मध्य बेलसोता नाला पुल में आई बड़ी दरारें, बीच से धंस गया पुल



क्षतिग्रस्त पुल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर/मानीचौक

ग्राम कैलाशपुर व राजापुर के बीच स्थित बेलसोता नाला पर बना करीब 22 वर्ष पुराना पुल अब जर्जर हो चूका है। लगातार बारिश के चलते अब इस पुल में गहरी दरारें उभर आई हैं,साथ ही पुल के दो पिल्लर्स में क्रैक आने से पुल का हिस्सा दब गया है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है।यह पुल केवल एक संरचना भर नहीं है,बल्कि यह राजापुर समेत आसपास के दर्जनों गांवों को सुरजपुर जिला मुख्यालय से जोड़ने वाला स्त्रोत है। ग्रामीणों ने बताया कि यह पुल दशकों पूर्व बना था और इसके बाद से इसमें कोई मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। बारिश के चलते नींव कमजोर होने लगी है और पुल के मध्य भाग में दरारें गहराने लगी हैं,साथ ही पुल के दो पाया में क्रैक आने से जगह दब गई है।

**खास बात**
- स्थानीय ग्रामीणों के लिए वैकल्पिक कंदई बासेनपारा मार्ग भी पहले से है जर्जर

हालत यह हो गई है कि अब इस मार्ग से दुपहिया और चारपहिया वाहनों का आवागमन भी जोखिम भरा हो चुका है, ऐसे में यहां पर राजापुर पंचायत द्वारा सुरक्षागत दृष्टिकोण से पुल के दोनों तरफ बांस से मार्ग पर आवागमन बंद करा दिया गया है।स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन मरम्मत के नाम पर कोई ठोस पहल नहीं हो पाई। ग्रामीणों ने पुल पर आवागमन रोकने की अपील करते हुए बांस व पेड़ की झाड़ी से मार्ग को बंद करा दिया है, ताकि कोई जानलेवा हादसा न हो सके।

ग्रामीणों ने बताया कि यदि बेलसोता पुल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तो लोगों को सुरजपुर जिला मुख्यालय पहुंचने के लिए ग्राम पंचायत कंदरई के बासेनपारा मार्ग से गुजरना पड़ेगा,जो पहले से बदहाल है,यह वैकल्पिक रास्ता गड्ढों से भरा है,संकरा है और बारिश में कीचड़युक्त हो जाता है।स्कूली बच्चों, मरीजों, गर्भवती महिलाओं व वरिष्ठ नागरिकों को काफी मशक्कत कर यहाँ से गुजरना पड़ेगा।

**पहुंचे अधिकारी व पुलिस टीम**

बेलसोता नाला पर बने पुल के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिलते ही सूरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी व जयनगर थाना से सहायक उपनिरीक्षक केश्वर मरावी, राजापुर सरपंच अमर सिंह तत्काल मौके पर पहुंच वस्तुस्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों के निर्देश पर तत्काल उक्त मार्ग पर आवागमन बंद कराए जाने की पहल कर दी गई है।





## चार्जिंग के दौरान स्कूटी में लगी आग घर का सामान जल कर ख़ाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सूरजपुर

मानपुर में बीती रात उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब एक घर में चार्जिंग के दौरान स्कूटी में आग लग गई। आगजनी से घर के लाखों के सामान जलकर खाक हो गई। घटना की सूचना पर दमकल टीम ने आग बुझाई। हैरानी की बात तो यह है कि घर में आग लगने की भनक घर में सो रहे लोगों को नहीं लगी। पड़ोसियों ने जब घर में आग लगने की जानकारी दी तो अपनी जान बचाकर किसी तरह बाहर निकले।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मानपुर निवासी जय कसेर उर्फ मोलू बीती रात अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी को चार्जिंग में लगाकर सो गए। इसी दौरान देर रात चार्जिंग में लगे स्कूटी में अचानक आग लग गई। आग इतना तेजी से लगा कि घर में रखे स्कूटी, एलइडी टीवी, टेबल, कुर्सी, धान, दुकान के समान और कपड़े जलकर खाक हो गए। पूरे घर में धुआं से भर गया था। लेकिन घर में रहने वाले लोगों को इसकी जानकारी नहीं थी वे गहरी नींद में थे। इसी बीच बगल के पड़ोसी ने धुआं देखकर उनको जगाया तब बड़ी मुश्किल से घर के लोगों ने जान बचाकर किसी तरह बाहर निकले। इधर पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। तब तक स्कूल समेत घर में रखे सामान जलकर खाक हो गए थे। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग काबू पाया जिससे घर को जलने से बचाया। अगर समय पर पड़ोसी नहीं जगाते तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। आगजनी से लगभग से सात लाख के नुकसान होने की अंदेशा जताई जा रही है।



## ट्रक की चपेट में आने से मवेशी घायल, ग्रामीण ने कराया इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मानीचौक

सड़क किनारे खड़ी एक मवेशी को ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में मवेशी गंभीर रूप से घायल हो गई और चलने में असमर्थ होकर सड़क किनारे बैठ गई है। आसपास के लोगों ने आवारा मवेशी बताकर इलाज कराना मुनासिब नहीं समझ। इधर स्थानीय जन सेवक मानसाय मरकाम को घटना की जानकारी लगी तो तत्काल पशु चिकित्सक अंगू पैकरा को बुलाकर इलाज कराया है ।

पिछले महीने में मानीचौक से कुरुवा हनुमान मंदिर तक दर्जनों गाय, बैल कोयला व डस्ट लोड ट्रकों की चपेट में आकर अपनी जान गवाई है लेकिन स्थिति में अब तक सुधार नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि पिछले महीने की रात्रि के समय घटित घटना से ग्रामीणों में तुल पकड़ लिया था और आक्रोशित ग्रामीणों ने रात के समय सड़क में उतर कर दुर्घटना से मृत गाय को लेकर ग्राम सपकरा मैन रोड में चक्का जाम कर विरोध किया था। तब कोतवाली की पुलिस टीम मौके पहुंचे और लोगों को समझाइश दिया। बावजूद इसके बेजुबान की मौत का सिलसिला अब तक सड़कों में चल ही रहा है इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुआ है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश में है।

इस संबंध में पशु चिकित्सक अंगू राम पैकरा ने बताया कि गाय की कमर में गहरा चोट लगा है और पीछे का एक पैर भी चोटिल हो गया जिसके कारण खड़ा नहीं हो पा रही है। हालांकि लगातार दवाई देते रहने से ठीक हो जाएगी।

# विधायक सिंह ने किया सलका हायर सेकेंड्री स्कूल भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ प्रेमनगर



सलका में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी ने किया। हायर सेकेण्डरी भवन निर्माण की स्वीकृति दो साल पूर्व मिली थी। दस कमरों का स्कूल भवन निर्माण किया गया है। इस अवसर पर विधायक श्री मराबी ने कहा कि हमारे जीवन में शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है।

शिक्षा के बिना हमारा जीवन अधूरा है इसलिए सभी बच्चे अच्छे से मेहनत करें और अच्छे अंकों के साथ आगे बढ़े। हमारा एक लक्ष्य होना चाहिए। स्कूल भवन लोकार्पण के उपरांत विधायक ने ग्राम पंचायत सलका में संचालित कन्या छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। छात्रावास की छात्राओं से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा सभी कमरों का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास की सभी पंजीयों का निरीक्षण किया तथा उपस्थिति पंजी में अनियमितता मिलने, कमरों में बल्ब न होने अधिकारियों को तत्काल कमियों को दूर करने का निर्देश दिया। विधायक श्री मरावी ने ब्लॉक मुख्यालय में संचालित प्री मैट्रिक छात्रावास का औचक निरीक्षण किया तथा बच्चों से मिलकर व्यवस्था की जानकारी ली। बच्चों ने पानी की समस्या को प्रमुखता से रखा। विधायक ने एकलव्य आवासीय विद्यालय के बच्चों से मिले और बातचीत की। बच्चों ने बताया कि विद्यालय भवन का निर्माण न होने से समस्या हो रही है। बच्चों ने लो-वोल्टेज एवं पानी की समस्या से विधायक को अवगत कराया। समस्या सुनने के उपरांत उन्होंने तत्काल लो-वोल्टेज की समस्या को दूर करने अधिकारियों को निर्देश दिए। पोस्ट मैट्रिक छात्रावास, प्री मैट्रिक छात्रावास तथा एकलव्य आवासीय विद्यालय में साफ-सफाई की कमी मिलने पर उन्होंने प्रभारी अधीक्षकों को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों को अपना मोबाइल नंबर लिखवाया तथा कोई भी समस्या होने पर सूचना देने की सलाह दी। विधायक श्री मरावी ने प्रेमनगर में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण किया तथा छात्राओं से मिलकर समस्याओं को जाना। छात्राओं ने भवन मरम्मत कराने एवं पानी की समस्या से उन्हें अवगत कराया। विधायक ने नपं सीएमओ इंजीनियर एवं विद्युत विभाग के जेई को बुलाकर समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिपं उपाध्यक्ष रेखा राजलाल राजवाड़े, जनपद उपाध्यक्ष पूनिया राजवाड़े, पूर्व मंडल अध्यक्ष जगमोहन सिंह, पूर्व जिपं सदस्य अजय श्याम, निज सहायक महादेव सिंह, मंडल महामंत्री महेंद्र कुमार यादव, भाजयुमो मंडल महमंत्री प्रदीप साहू, सुभाष साहू सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### सर्पदंश से बालिका की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** जमीन पर सो रही बालिका को जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन बालिका को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराए जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम चकेरी निवासी शांति आ. एतवार साय (13 वर्ष) बीती रात भोजन कर कमरे के जमीन पर सो रही थी। इसी दौरान रात लगभग 11 बजे पैर में जलन होने पर उठी और पैर में जलन होने की बात भाई प्रेम साय को बताई। परिजन जब कमरे में आए तो उनके होश उड़ गए। कमरे के दीवार के समीप करैत सांप को देखा। बालिका के पैर में सांप के काट लेने की आशंका पर परिजन तत्काल उसे उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालिका की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान आज तड़के बालिका की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिरे बाइक सवार, एक युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** पार्वतीपुर मुख्य मार्ग स्थित चौक के समीप बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि तीन युवक घायल हो गए। चारों युवक बाइक से घूमने निकले थे तभी दुर्घटना हुई।

मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पार्वतीपुर निवासी सब्बल राम आ. विजय 21 जुलाई की शाम गांव के ही दोस्त अशोक, रंजीत, मानु के साथ गांव के ही मुनेश्वर आ. आनंद राम की बाइक क्रमांक सीजी 15 डीआर 3595 से चारों घूमने चले गए। जैसे ही बाइक सवार पार्वतीपुर मुख्य मार्ग छेरी मचान चौक के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गए जिससे चारों घायल हो गए। इधर घटना को देख गांव के लोगों ने चारों को निजी वाहन से उमेश्वरपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने अशोक व मनु को सूरजपुर अस्पताल रेफर कर दिया। इधर परिजन सब्बल को प्रेम नगर अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक चालक के विरूद्ध धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## कॉलोनी में भारी वाहनों की एंट्री बंद की जाए

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर कॉलोनी के नागरिकों के लिए भारी भरकम कोल ट्रांसपोर्टिंग वाहन अब दुर्घटना होने का खतरा बनते जा रहे हैं। कॉलोनी में रह रहे हजारों लोगों की सुरक्षा को लेकर एनएसयूआई के प्रदेश सचिव ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

कलेक्टर को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के आमगांव, केतकी, रेहर और गायत्री खदानों से निकलने वाले कोयला को भारी ओवरलोड ट्रिपर और ट्रेलरों के माध्यम से ट्रांसपोर्ट किया जा रहा है। यह वाहन सीधे एसईसीएल कॉलोनी के मुख्य मार्ग से गुजरते हैं,जो न केवल आवासीय क्षेत्र है बल्कि यहां कई शैक्षणिक संस्थाएं और धार्मिक स्थल भी स्थित हैं।इनमें कार्मेल कान्वेंट स्कूल,आत्मानंद स्कूल, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डीएवी पब्लिक स्कूल, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल और कई कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर प्रमुख हैं,जहां हजारों बच्चे अध्ययनरत हैं। शिक्षण सत्र प्रारंभ हो चुका है और सुबह से लेकर शाम तक बच्चों का काफी संख्या में आवागमन होता है।इसी समय तेज रफ्तार और ओवरलोड कोयला लोड ट्रिपर उक्त मार्ग से गुजरते हैं, जिससे किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।विगत वर्षों में ऐसे ही ओवरलोड वाहनों के चलते 3 से 4 लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है, जिससे स्थानीय लोगों में भय और रोष व्याप्त है। हाल ही में सुरजपुर पुलिस अधीक्षक और यातायात विभाग द्वारा सुबह 7 से 10.30 बजे और दोपहर 2 से 4.30 बजे तक नो एंट्री लागू की गई है, लेकिन इसका लाभ आमजन और स्कूली बच्चों को मिल नहीं पा रहा है। स्कूलों का समय सुबह 7 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक है और छुट्टी के समय भारी भीड़ होती है,नो एंट्री का समय इस जरूरत को पूरा नहीं कर पा रहा है।

- एनएसयूआई प्रदेश सचिव ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि कई ट्रिपर और ट्रेलर के ड्राइवर नशे की हालत में गाड़ी चलाते हैं, जिससे कॉलोनी में कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है।ज्ञापन में मांग की गई है है कि कोल परिवहन में लगे ओवरलोड ट्रिपर और ट्रेलरों के प्रवेश पर सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक पूर्ण रोक लगाई जाए।साथ ही इन वाहनों की नियमित ओवरलोडिंग जांच भी करवाई जाए ताकि आम नागरिकों और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# 10 दिनों के भीतर मैनपाट में हाथियों ने तोड़े 20 से अधिक घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर



कुछ दिनों तक राहत देने के बाद मैनपाट में एक बार फिर हाथियों ने तबाही मचाना शुरू कर दिया है। पूर्व में अधिकांश समय जंगल में गुजारने वाले हाथी अब शाम ढलते ही आबादी क्षेत्र में पहुंच जा रहे हैं तथा भोजन की तलाश में लगातार घरों में तोड़फोड़ मचा रहे हैं। हाथियों ने पिछले 10 दिनों के भीतर अलग-अलग गांवों में 22 घरों को निशाना बनाया है।

- अलग-अलग गांवों में तबाही मचाने के कारण हो रही भारी परेशानी
- भयभीत ग्रामीण कर रहे रतजगा

सीमावर्ती कापू जंगल में लम्बे समय से भ्रमण कर रहा 13 हाथियों का दल कुछ दिनों तक राहत देने के बाद फिर से तबाही मचाना शुरू कर दिया है। अभी भी हाथी तीन दलों में बंटकर अलग-अलग गांवों में तबाही मचा रहे हैं। जंगल के बीच एवं जंगल से सटे बस्तियों में प्रायः हर दिन शाम ढलते ही हाथी पहुंच जा रहे है। दल के तीन हाथी अभी भी कापू जंगल में घूम रहे है जबकि 8 हाथी एक साथ आबादी क्षेत्र में धावा बोल रहे हैं। दल के शेष दो हाथी भी बंटकर अलग-अलग गांवों में तबाही मचा रहे हैं। हाथियों के अलग-अलग बंटने से वन अमले के लिए भी समस्या खड़ी हो गई है। वनकर्मी अलग-अलग वाहनों से पूरी रात हाथियों की निगरानी कर रहे हैं तथा खतरनाक स्थिति निर्मित होने पर गजराज वाहन की मदद से उन्हें खदेड़ रहे हैं। धान सहित अन्य अनाजों का स्वाद लेने के बाद अनाजों के प्रति हाथियों की रूचि बढ़ गई है। महुआ की गंध पाते ही हाथी घरों तक पहुंच जा रहे हैं। हाथी घरों के उसी हिस्से को पहले ढहा रहे हैं जहां ग्रामीण अपना अनाज रखते हैं। पिछले 10 दिनों के भीतर हाथियों ने अलग-अलग गांवों में 20 से अधिक घरों को तबाह किया है। हालत यह है कि हाथियों के भय से ग्रामीण शाम ढलने के बाद परिवार के साथ बाहर निकल जा रहे हैं तथा खुले आसमान के नीचे रातें गुजार रहे हैं। वन अमला पूरी रात गजराज वाहन की मदद से आबादी क्षेत्र में घुसे हाथियों को खदेड़ने में व्यस्त रहा है। ग्रामीणों एवं वन अमले द्वारा लगातार सतर्कता बरतने के बावजूद हाथियों की तबाही रूकने का नाम नहीं ले रही है। गनीमत है कि अभी तक क्षेत्र में कोई जनहानि नहीं हुई है। वन अधिकारी पंचायत प्रतिनिधियों, हाथी मित्र दल, कोटवार एवं वनकर्मियों द्वारा प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को हाथियों की मौजूदगी की सूचना देकर नियमित जागरूकता अभियान चलाने की बात कह रहे है। वर्तमान में हाथी नर्मदापुर के लैंगाडांड, दातीढाब, बरवाली, बरडांड, ननाइन डांड में लगातार धावा बोल रहे हैं। गजराज वाहन के पहंचने पर हाथी पलक झपकते अपना रास्ता बदल देते हैं तथा दूसरे गांव में पहुंचकर तोड़फोड़ मचाना शुरू कर देते हैं। बीती रात हाथियों ने ग्राम बिजहवा में धावा बोला एवं रामा यादव के घर में तोड़फोड़ मचाया। हाथी रामा यादव के घर में रखे अनाज को चट कर गए।

इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी फेकू चौबे ने बताया कि विभाग की अलग-अलग टीमें पूरी रात वाहनों से हाथियों की निगरानी कर रही है। हाथियों के अलग-अलग गांवों में पहुंचने एवं तोड़फोड़ करने पर गजराज वाहन की मदद से खदेड़ा जा रहा है। प्रभावित गांवों में क्षति को कम करने हर संभव कोशिश की जा रही है।

### 9 हाथियों का दल रौंद रहा धान की फसल, किसान परेशान



बिहारपुर। चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के मोहरसोप में हाथियों के उत्पात के कारण धान की फसल बचाना मुश्किल हो रहा है। हाथी धान की फसल रौंदकर नष्ट कर रहे हैं। हाथी हर दिन गांव में धुस फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। 7 हाथियों का दल अक्सर खेतों में जलक्रीडा करते नजर आ रहे हैं। गुरूवार को सुबह 7 हाथियों का दल बसनारा मोहरसोप में फसल को रौंद रहे थे। ग्रामीणों ने किसी तरह हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा। हाथियों ने बड़े पैमाने पर धान की फसल को नष्ट किया है किसानों का कहना है कि वन विभाग मुआवजा फार्म तो उपलब्ध करा रहा है लेकिन सभी को राशि नहीं मिल रही है। विभाग हाथियों को खदेड़ने की पहल नहीं कर रहा है। गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान में हाथियों का एक दल मौजूद हें वहीं 7 हाथी क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं। हाथियों ने पिछले वर्ष 500 एकड़ से अधिक धान की फसल तबाह की थी तथा 3 माह तक क्षेत्र में मौजूद थे। हाथी कभी गुरू घासीदास नेशनल पार्क में पहुंच जा रहे है तो कभी क्षेत्र में धान की फसल तबाह कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि दल की एक हथिनी ने शावक को जन्म दिया है जिसके कारण हाथी अन्यत्र नहीं जा रहे हैं।

### खनिज विभाग ने ली क्रेशर संचालकों की बैठक

सारंगढ़। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के स्वीकृत उत्खनिपट्टा, भण्डारण क्रशर संचालकों के साथ बैठक किया गया, जिसमें खदान एवं भण्डारण क्रशर क्षेत्र में छत्तीसगढ़ गौण खनिज 2015 एवं छत्तीसगढ़ खनिज खनन परिवहन एवं भण्डारण 2009 के नियमों एवं शर्तो का पालन किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही खनिज से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों की चर्चा की गई। इसमें विशेषकर परिवहन एवं खनिज नियमों का पालन करते हुए खनिजों का परिवहन करने के सख्त निर्देश दिए गए।



# वॉर 2 के ट्रेलर रिलीज से पहले दीवाने हुए एनटीआर के फैंस

**मुंबई।** मेकर्स 25 जुलाई को वॉर 2 का ट्रेलर रिलीज करने जा रहे हैं। ऐसे में ट्रेलर को लेकर लोगों में जबरदस्त क्रेज बना हुआ है। फिल्म के ट्रेलर से पहले अब जूनियर एनटीआर के फैंस काफी एक्साइटेड हैं और उन्होंने एनटीआर के बॉलीवुड में डेब्यू को लेकर सेलिब्रेशन भी शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो और तस्वीर काफी वायरल हो रही है। जिसे एनटीआर के फैंस काफी शेयर कर रहे हैं। इसमें जूनियर एनटीआर का नाम आसमान में लिखा हुआ है। एक वीडियो सामने आया है जिसमें देखा जा सकता है आसमान में 'एनटीआर वॉर 2' लिखा हुआ है।



## लाइफ Style

# रश्मिका

## रणबीर के साथ सेल्फी के पीछे की बताई कहानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना ने 2022 में बॉलीवुड में फिल्म गुडबाय से डेब्यू किया। 2023 में रश्मिका निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल में रणबीर कपूर और तृप्ति डिमरी के साथ नजर आईं। इस फिल्म को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिली, लेकिन रश्मिका और रणबीर की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया।

रश्मिका ने बताया कि फिल्म एनिमल' के आखिरी दिन उन्होंने रणबीर कपूर से कहा, हमें एक तस्वीर लेनी चाहिए, क्योंकि वह आमतौर पर सेट पर फोटो नहीं खींचतीं। उन्होंने आगे कहा, रणबीर बहुत दयालु और सहयोगी हैं। वह मेरे लिए एक अच्छे दोस्त हैं। उस सेल्फी में रश्मिका ने नीला कुर्ता पहना था, जबकि रणबीर लंबे बाल और दाढ़ी वाले लुक में थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रश्मिका मंदाना और रणबीर कपूर जल्द ही फिल्म एनिमल के दूसरे भाग एनिमल पार्क में साथ नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग 2026 में शुरू होगी। यह फिल्म पहले भाग से कहीं और ज्यादा दमदार होगी। बहरहाल, फिल्म को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। रश्मिका मंदाना फिल्म द गर्लफ्रेंड में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म के अलावा रश्मिका फिल्म थामा में नजर आएंगी। इस फिल्म में रश्मिका के साथ आयुष्मान खुराना नजर आएंगे। वहीं, रणबीर कपूर निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में नजर आएंगे। इस फिल्म में रणबीर के साथ आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिका में होंगे। इस फिल्म के अलावा रणबीर फिल्म रामायण में नजर आएंगे।

## हॉलीवुड मसाला



# गानों में हैं उतार-चढ़ाव का दर्द

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर जेनिफर लोपेज चर्चा में हैं। उन्होंने इटली में 'लुक्का समर फेस्टिवल' में शिरकत की। इस दौरान ना सिर्फ अपने गाने से दर्शकों का ध्यान खींचा, बल्कि हजारों फैंस के भीड़ के सामने खुलकर अपने 'बेडरूम सीक्रेट्स' शेयर किए। उनकी बातें सुनकर किसी ने तालियां बजाई तो कोई हैरान रह गया। कुछ लोग इसे उनके एक्स हसबैंड बेन एफ्लेक से भी जोड़कर देख रहे हैं। एक सूत्र ने बताया कि जेनिफर ने एक नए एल्बम के लिए कई गाने हैं। इनमें से ज्यादातर गाने बेन एफ्लेक के साथ उनके उतार-चढ़ाव भरे रिश्ते से लिए गए हैं।



# अफेयर कांड को भुला नहीं पाए हैं क्रिस मार्टिन

**लॉस एंजिल्स।** कोल्डप्ले कॉन्सर्ट में जो 'अफेयर कांड' हुआ, उसे क्रिस मार्टिन भी भुला नहीं पाए हैं। उन्होंने हाल ही में अमेरिका में हुए कॉन्सर्ट में इसको लेकर चुटकी ली। अपनी ऑडियंस को चेतावनी भी दी कि अब 'किस कैम' किसी को बड़ी स्क्रीन पर लाने वाला है, इसलिए तैयार हो जाएं। कोल्डप्ले के बोस्टन कॉन्सर्ट के दौरान कुछ ऐसा हुआ, जो इस समय चारों तरफ वायरल है। हम बात कर रहे हैं एस्ट्रोनॉमर के सीईओ एंडी बायरन और कंपनी की एचआर प्रमुख क्रिस्टिन कैबोट की। जो एक-दूसरे की बांहों में खोए हुए थे और कॉन्सर्ट के दौरान अचानक कैमरे ने उनपर फोकस कर दिया और सिंगर क्रिस मार्टिन ने 'गलती' से उन्हें एक्सपोज कर दिया। अब क्रिस को अमेरिका के मैडिसन में कॉन्सर्ट में दर्शकों को कुख्यात 'किस कैम' के बारे में आगाह करते हुए देखा गया, वो भी मजेदार तरीके से।



# टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित होगी बयान

**मुंबई।** हुमा कुरैशी की फिल्म बयान अपनी रिलीज से पहले ही सुर्खियों में छा गई है। अब हुमा की फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में होगा। बयान को डिस्कवरी सेक्शन में चुना गया है। इस कैटेगरी में चुनी गई हुमा की बयान इकलौती भारतीय फिल्म है। टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बयान का वर्ल्ड प्रीमियर सितंबर के महीने में होगा। हुमा कुरैशी स्टारर बयान एक पुलिस थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन विकास रंजन मिश्रा ने किया है, जो इससे पहले चौरंगा लिए जाने जाते हैं। हुमा इस फिल्म में एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के रूप में भी जुड़ी हुई हैं। हुमा के अलावा फिल्म में चंद्रचूड़ सिंह, सचिन खेडेकर, परितोष, अविजीत दत्त, विभोर मयंक, संपा मंडल, स्वाति दास, अदिति कंचन सिंह और पेरी छाबड़ा भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।



# रामायण में असमिया अभिनेत्री की एंट्री

**मुंबई।** नितेश तिवारी निर्देशित और रणबीर कपूर स्टारर फिल्म रामायण अगले साल बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। यह फिल्म दो भागों में बन रही है। इस फिल्म का बजट 4000 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। इस फिल्म में एक असमिया एक्ट्रेस भी अहम किरदार निभा रही हैं। हाल ही में फिल्म रामायण का फर्स्ट लुक जारी किया गया। इसमें रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में नजर आए और साउथ एक्टर यश रावण के किरदार में दिखे। फिल्म में सीता माता की भूमिका में साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी है। असमिया एक्ट्रेस सुरभि दास फिल्म रामायण में उर्मिला की भूमिका में दिखेंगी। उर्मिला माता सीता की बहन हैं। उर्मिला, प्रभु राम के भाई लक्ष्मण की पत्नी भी हैं। फिल्म में उर्मिला का त्याग भी दिखाया जाएगा। लक्ष्मण का रोल फिल्म रामायण में टीवी एक्टर रवि दुबे कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# नए सीजन में नजर नहीं आएंगे 'क्योंकि सास भी ' के ये

**नई दिल्ली।** 25 साल पहले सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' टीवी पर टेलीकास्ट हुआ, लगभग 8 साल तक यह सीरियल टीवी पर दर्शकों का मनोरंजन करता रहा। इस सीरियल से एक्ट्रेस स्मृति ईरानी तुलसी के रूप में घर-घर मशहूर हुईं। कई और एक्टर्स भी इस सीरियल से स्टार बने। 29 जुलाई को यह सीरियल अपने नए सीजन के साथ वापसी कर रहा है। इस बार भी स्मृति ईरानी तुलसी का आइकॉनिक रोल करेंगी मगर कुछ जाने-माने एक्टर्स इस सीरियल में नजर नहीं आएंगे। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी'के नए सीजन में सुधा शिवपुरी नजर नहीं आएंगी। पहले सीजन में उन्होंने बा का किरदार निभाया था। बा सीरियल में विरानी परिवार की सबसे बुजुर्ग महिला थीं, वह तुलसी के किरदार का हमेशा साथ देती थीं। पहले सीजन में ही उनकी मौत को दिखाया गया था। असल में भी सुधा शिवपुरी का निधन साल 2015 में हुआ। सीरियल में तुलसी विरानी की सास सविता का रोल अपरा मेहता ने निभाया था। वह भी नए सीजन का हिस्सा नहीं होंगी, क्योंकि पुराने वर्जन में उनकी भी मौत को दिखाया गया। तुलसी विरानी के बड़े बेटे गौतम का रोल सुमित सचदेव ने किया था। यह किरदार 25 साल पहले लड़कियों के बीच काफी पॉपुलर हो गया था। अचानक सीरियल में यह किरदार कम नजर आने लगा।

## बिग बॉस में इस बार घर वाले ही लेंगे फैसले

**नई दिल्ली।** फेमस रियलिटी शो 'बिग बॉस' का 19वां सीजन जल्द शुरू होगा। सलमान खान फिर से होस्टिंग करेंगे। उम्मीद है कि शो का प्रीमियर अगले महीने होगा। इस बार कंटेस्टेंट चुनने में दर्शकों की भूमिका होगी।



'बिग बॉस 19' का घर 20 अगस्त तक बनकर तैयार हो जाएगा। इस शो को एक बार फिर सलमान खान होस्ट करेंगे। अब तक सीजन 19 के कंटेस्टेंट बनने के लिए 45 हस्तियों से संपर्क किया गया है। जैसा कि पहले भी बताया था, 'बिग बॉस 19' का प्रीमियर 30 अगस्त को होगा और यह शो पांच महीने तक चलेगा। सलमान खान 27 और 28 अगस्त को शो के प्रीमियर के लिए शूटिंग करेंगे और 29 अगस्त को कंटेस्टेंट्स को रिकॉर्ड किया जाएगा, जिसके बाद वे घर में एंट्री करेंगे। बिग बॉस 19 की थीम रिवाइंड है, जहां घरवाले बेघर होने में अहम भूमिका निभाएंगे और दर्शक चुनेंगे कि किसे नॉमिनेट करना है। सूत्र के मुताबिक, घर के कामकाज में कंटेस्टेंट्स को पूरी आजादी होगी, राशन तय करने से लेकर कौन से काम करने हैं और कौन से नहीं, सभी फैसले घर वाले ही लेंगे और फिर बिग बॉस को बताया जाएगा।

# आमिर मेलबर्न फिल्म फेस्टिवल में फहराएंगे तिरंगा ...

**मुंबई।** अगस्त में इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) का आयोजन होने वाला है। सुपरस्टार आमिर खान इसमें बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस फेस्टिवल में वह भारतीय तिरंगा फहराएंगे। इस फेस्टिवल में आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' की स्पेशल स्क्रीनिंग निर्धारित है। महोत्सव में सिनेमा में आमिर खान के योगदान को एक स्पेशल सेक्शन के जरिए सम्मानित किया जाएगा। इस फेस्टिवल के डायरेक्टर मितु भौमिक लांगे ने बताया 'फिल्म फेस्टिवल में राष्ट्रीय ध्वज फहराना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक भावनात्मक और एकजुट करने वाला अनुभव है। विदेशी धरती पर तिरंगा लहराते देखना भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के बीच फख्र का लम्हा होगा। आमिर खान के सिनेमाई नजरिए ने विश्व स्तर पर दर्शकों को प्रभावित किया है। वह इस पल का नेतृत्व करेंगे, जो हमारे लिए सम्मान की बात है।'

***बदनाम बस्ती की स्क्रीनिंग होगी*** : आपको बता दें विक्टोरिया सरकार द्वारा समर्थित आइएफएफएम, भारत के बाहर आयोजित होने वाला सबसे बड़ा भारतीय फिल्म महोत्सव है। यह सशक्त और विविध भारतीय कहानियों को प्रदर्शित करता है। इस महोत्सव में फिल्म निर्माता प्रेम कपूर की 1971 की फिल्म 'बदनाम बस्ती' दिखाई जाएगी। इस फिल्म को भारत की पहली समलैंगिक फिल्म बताया गया है।



### पूरे महोत्सव में 75 फिल्में दिखाई जाएंगी

इस साल आइएफएफएम में लगभग 75 फिल्में प्रदर्शित होंगी। यह फिल्में लिंग, नस्ल, कामुकता, विकलांगता और महिला प्रतिनिधित्व जैसे विषयों पर होंगी। फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 14 से 24 अगस्त तक चलेगा।

# सैयारा के क्लाईमैक्स को देख क्यों मर-मिट रहे दर्शक

**नई दिल्ली।** सैयारा का खुमार लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। फिल्म को देख थिएटर में नौजवान आंसू बहा रहे हैं। कई तो बेहोश भी हो गए और कइयों ने मजनू वाली हरकते कीं। सैयारा के साथ-साथ नौजवान ऑडियंस भी प्यार में पागल होती दिख रही है। फिल्म के इमोशनल प्लॉट ने दर्शकों को अंदर से तोड़ दिया है, जिसका नजारा थिएटर में देखने को मिल रहा है। क्या सैयारा का क्लाईमैक्स बहुत ही ज्यादा इमोशनल करने वाला है? क्या फिल्म का अंत देख नौजवानों के दिलों को चोट पहुंच रही है? आखिर सैयारा के क्लाईमैक्स में ऐसा क्या है, जो दर्शकों को पागल कर रुला रहा है। यहां हम आपको यहां सैयारा के क्लाईमैक्स के उन 5 कारणों को बताने जा रहे हैं, जो दर्शकों को रुला रहे हैं।

**इमोशनल स्टोरी** : सैयारा रोमांटिक होने के साथ-साथ भावनात्मक कहानी भी है, जिसमें प्यार, दर्द और दिल टूटने की कहानी दिखाई जा रही है। फिल्म में नए चेहरे हैं, जिनके चेहरे पर प्यार को लेकर तड़प, बिछड़न और फिर दुख-दर्द नजर आता है और क्लाइमैक्स यही इमोशनल प्लॉट दर्शकों की मरने जैसी हालत कर रहा है।

**रिलेशनशिप** : क्लाईमैक्स उन लोगों को सबसे ज्यादा रुलाता है, जिनका प्यार मुकम्मल नहीं हो पाया या फिर कहें कि जिन्हें प्यार नहीं मिला है। रिलेशनशिप में होने के बाद भी जब प्यार कामयाब नहीं हो पाता है और बिछड़ने का डर मन में बैठ जाता है, तो वहां इंसान भावनात्मक रूप से टूट जाता है।

**अहान-अनीत की केमिस्ट्री** : प्यार में पड़े नौजवान कपल अहान और अनीत में खुद को इमेजिन कर रहे हैं और प्यार के बीच आने वाली हर उस मुश्किल और दर्द को अपना समझ रहे हैं, जिन्हें वो करीब से फेस कर चुके हैं। और तो और स्टार की लव केमिस्ट्री भी आंखें नम कर रही है।

**म्यूजिक** : क्लाइमैक्स में संगीत का ऐसा मिश्रण सुनने को मिला है, जो दिल टूटे आशिकों की आंखों में पानी ला देता है और गला रूंध जाता है।



**हैपिंग एंडिंग** : आशिकी 2 में मोहित सूरी ने एक्टर को मारकर बहुत बड़ी गलती की थी। आशिकी 2 का सबसे कमजोर पक्ष यही था, लेकिन उन्होंने यह गलती सैयारा में नहीं दोहराई। कृष और वाणी का मिलन और फिर उनकी शादी ने दर्शकों में पॉजिटिव मैसेज भेजा और फिल्म की हैप्पी एंडिंग ने भी उन्हें रोने पर मजबूर कर दिया।

## हिंदी सिनेमा में सर्वाधिक गीत लिखने का रिकॉर्ड दर्ज हैं समीर के नाम

# संगीत के लिए किसी के पास दिल नहीं, तो फिर वह पत्थर है

*नई दिल्ली। संगीतकार ऐसी चीज है जिससे हर कोई जुड़ना चाहता है। हर किसी के दिल मे संगीत होता है। अगर किसी के पास संगीत के लिए दिल नहीं है तो फिर वह दिल नहीं पत्थर है। यह कहना है भारत के दिग्गज गीतकार समीर अनजान का। फिल्मी दुनिया में समीर अनजान, एक ऐसा नाम है जो किसी के लिए अनजान नहीं है। हिंदुस्तान में रहने वाले लोग उनके गीतों को सुनकर और गुनगुनाकर मोहब्बत का इजहार करते हैं। एक ऐसा गीतकार, जिसे यह कला विरासत में मिली, लेकिन उन्होंने अपने पिता की खींची गई लकीर से भी लंबी लाइन खींच दी। उनके नाम हिंदी सिनेमा में सर्वाधिक गीत लिखने का रिकॉर्ड दर्ज हैं। समीर अनजान ने एक बातचीत में बॉलीवुड के नेपोटिज्म, राजनीति और म्यूजिक इंडस्ट्री में अपने सफर की अनसुनी कहानियां सुनाईं।*

### लोगों को मेरा असली नाम पसंद नहीं आया तो अनजान बन गया

उत्तर प्रदेश के बनारस के शीतला पांडेय कैसे समीर अनजान बने इस पर वह कहते हैं कि मेरी पहली कविता बनारस के एक प्रमुख अखबार जयदेश में प्रकाशित हुई। उस वक्त में इस अखबार को उसके ऑफिस की दीवार पर लगाया जाता था। पहली बार जब कविता लगी तो लोगों ने कहा कि शीतला पांडेय तो किसी क्लर्क या किसी शिक्षक का नाम लगता है। इसके बाद में दो-तीन कविता घर के नाम राजन से लिखीं, उस पर भी कोई रिएक्शन नहीं आया। उस वक्त मैं समीर का एक नॉवेल पढ़ रहा था। मैंने विचार किया और अगली कविता इसी नाम से लिखकर दे दी। इस पर लोगों का जबरदस्त रिएक्शन देखने को मिला। इसी से मुझे पहचान भी मिली।



### पिता नहीं चाहते थे मैं गीतकार बनूं

**आखिर पिता ने ही सिखाईं बारीकियां** : अनजान बताते हैं कि जब मैं मुंबई से अपने घर आया तो मां ने मेरी हालत देखकर पिताजी को मुंबई में खत लिखा कि बेटा मुंबई में बहुत संघर्ष कर रहा है। पिताजी को इसकी जानकारी नहीं थी। खोज खबर ली और कुछ रिश्तेदार मुझे उनके पास ले गए। उन्होंने मुझसे कई सवाल पूछे। वह समझ गए थे कि मैं मुंबई छोड़कर जाने वाला नही हूं। इसके बाद मुझे उन्होंने अपने पास रहने के लिए बुला लिया। उन्होंने संगीत लाइन की कई बारीकियों को सिखाया और समझाया। फिर कुछ दिन बाद एक ऐसा मोड़ आया कि पिताजी खुद बोले कि अब तुम तैयार हो जाओ, आकाश तुम्हारा है।

बनारस छोड़कर मुंबई पहुंचने के सवाल पर उन्होंने बताया कि पिताजी लाला जी पांडेय ने 17 साल के लंबे संघर्ष के बाद सफलता हासिल की थी। उन्होंने मुझे बोला था सबकुछ करना, लेकिन गीतकार बनने की कोशिश मत करना। पढ़ाई के बाद मेरी सरकारी बैंक में जॉब भी लग गई। इस बीच मेरा शौक परवान चढ़ रहा था। मैं सोचने पर मजबूर हो गया कि मैं बैंक में क्या कर रहा हूं? फिर मैंने जॉब छोड़ दी। इसके बाद सीधे मुंबई के लिए निकल गया।

### 5 हजार गीत लिख चुके

1983 से फिल्मों के गीत लिख रहे अनजान बताते हैं कि सबसे ज्यादा गीत लिखने का अवॉर्ड उनके नाम है। करीब 5 हजार गीत लिख चुका हूं। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी नाम दर्ज है। मोहम्मद रफी साहब को छोड़कर करीब-करीब सभी प्रमुख गायक-गायिकाएं मेरे लिखे गाने गा चुके हैं। मैं आज फिल्मी दुनिया की चौथी पीढ़ी के साथ काम कर रहा हूं। हर पीढ़ी के हिसाब से मैं खुद को बदलते आया हूं। मैंने खुद को हर समय अपडेट किया। साजन, राजा हिंदुस्तानी, कुछ कुछ होता है, जैसी कई अहम फिल्मों के गीत मेरे लिए खास हैं।

## खबर संक्षेप

### फाइल गायब, कार्रवाई के लिए दो बार सिफारिश, नतीजा सिफर

**चिरमरी।** पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत चिरमिरी स्थित तुलसी अमृत हॉस्पिटल को सील करने की कार्रवाई के दौरान गंभीर लापरवाही और फाइल चोरी के मामले में दोषी पाए गए तत्कालीन जिला कार्यक्रम अधिकारी पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जांच रिपोर्ट के अनुसार तत्कालीन डीपीएम ने अस्पताल सीलिंग से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों को जानबूझकर गायब कराया। 9 अक्टूबर 2024 को कार्यालयीन पत्र क्रमांक 10921 के माध्यम से यह सामने आया कि कार्रवाई से जुड़े सभी दस्तावेज चोरी हो चुके हैं। इस पर जिला प्रशासन की शिकायत पर पुलिस ने 21 अक्टूबर 2024 को दस्तावेजों की गुमशुदगी की पुष्टि की, इसके बाद 17 सितंबर 2024 को कलेक्टर द्वारा गठित जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में सुलेमान खान को दोषी ठहराते हुए कहा कि वह फाइल चोरी की साजिश में सीधे तौर पर शामिल थे। रिपोर्ट में उन्हें भविष्य के लिए सेवा अयोग्य बताते हुए तत्काल प्रभाव से सेवा समाप्त करने की सिफारिश की गई। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने पहले 25 अक्टूबर 2024 और फिर 12 जून 2025 को कार्रवाई के लिए क्रमशः सीएमएचओ और राष्टीय स्वास्थ्य मिशन रायपुर को पत्र भेजा। बावजूद इसके अब तक कोई स्पष्ट निर्णय नहीं लिया गया है। चौकाने वाली बात यह है कि दोषी पाए जाने के बावजूद सुलेमान खान वर्तमान में ब्लॉक मनेन्द्रगढ़ में कार्यक्रम प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं।

### वाहन की टक्कर से गंभीर वृद्धा की गई जान

**अम्बिकापुर।** रोपा लगाकर पैदल घर आ रही वृद्धा को रास्ते में अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुई वृद्धा की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार तपकरा अंतर्गत ग्राम ताज बहरा निवासी सुशीला बाई पति कलेश्वर (66 वर्ष) सोमवार की शाम खेत से रोपा लगाकर पैदल घर आ रही थी। इसी दौरान रास्ते में अज्ञात वाहन के चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे वृद्धा गंभीर रूप के घायल हो गई। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन वृद्धा को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों वृद्धा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### वाहन ने ठेकेदार को मारी टक्कर, गंभीर

**बिश्रामपुर।** बुधवार की शाम करीब 8 बजे नगर के शान्तिनगर निवासी ठेकेदार तपन मैती को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आई हैं, वे शाम को रेलवे स्टेशन चौक के आगे छाता पकड़े पैदल चलकर कुछ सामान खरीदने जा रहे थे, इस दौरान लगातार बारिश होने व अंधेरा होने के कारण मोड़ समीप अज्ञात तेज रफ़्तार वाहन चालक ने उनको टक्कर मारते हुए फरार हो गया, कुछ समय पश्चात बजरंग दल के सुजीत सिंह ने स्थानीय लोगों की मदद से उनको शासकीय अस्पताल बिश्रामपुर में इलाज हेतु भर्ती कराया, यहाँ से उनको बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर रेफर कर दिया।

## आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा कल

# 10 परीक्षा केन्द्रों में 3 हजार परीक्षार्थी होंगे शामिल

*परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए जिले में 10 परीक्षा केन्द्र बनाए गए*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

जिले में 27 जुलाई को आयोजित होने वाली छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) की आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस संबंध में शुक्रवार को जिला सभा कक्ष में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में परीक्षा से जुड़े सभी पर्यवेक्षकों और उड़नदस्ता दल के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने व्यापमं के दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए कहा कि परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए जिले में 10 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन केन्द्रों पर 3,166 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा, निगरानी और व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 10 आब्जर्वर, 5 रिजर्व टीमें, तथा उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को जिला पुलिस नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल (महलपारा एवं बैकुंठपुर), स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बैकुंठपुर, स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल खरवत, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलका, सेंट जोसेफ अंग्रेजी माध्यम स्कूल रामपुर, सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर।



बैठक लेती कलेक्टर।

### परीक्षा व्यवस्था के लिए विशेष निर्देश

परीक्षा प्रात 10 से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित होगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ के 2 घंटे पूर्व केन्द्र पहुंचना अनिवार्य होगा। परीक्षा प्रारंभ के 15 मिनट पूर्व मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। प्रत्येक अभ्यर्थी की हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर व मैनुअल तलाशी की जाएगी। केन्द्र में एक पुरूष और एक महिला पुलिसकर्मी की तैनाती अनिवार्य होगी। उड़नदस्ता दल परीक्षा केन्द्रों के भीतर और बाहर निगरानी रखेगा।

### ड्रेस कोड और निषेध सामग्री

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह के कपड़े और चप्पल पहनकर आएं। कान में किसी भी प्रकार के आभूषण प्रतिबंधित रहेंगे। परीक्षा कक्ष में मोबाइल, घड़ी, पर्स, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि लाना पूरी तरह निषेध है। धार्मिक पोशाक पहनने वाले अभ्यर्थियों को समय से पहले रिपोर्ट करना होगा और अतिरिक्त जांच उपरांत ही प्रवेश मिलेगा।

### निरीक्षण दल की गई नियुक्ति

तहसीलदार डॉ. अमृता सिंह, सहायक प्राध्यापक डॉ. विनय कुमार शुक्ला और पुलिस आरक्षक राजेश शांडिल्य को उड़नदस्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण करेंगे। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे निर्देशों का पालन करें और समय पर परीक्षा केन्द्र पहुंचकर शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी परीक्षा में सहयोग प्रदान करें।



## अनूपपुर से कांवड़ यात्रा अमरकंटक रवाना

**अनूपपुर।** शहर के पुरानी बस्ती सनातनी युवाओं का एक दल 25 जुलाई श्रावण प्रतिपदा के पावन दिवस कांवड यात्रा के लिए अमरकंटक रवाना हो गया।

मां बूढ़ी माई मढिया कांवड यात्रा समिति द्वारा लगातार सातवें वर्ष भगवान भोलेनाथ और माता नर्मदा जी के प्रति आगाध भक्तिभाव के साथ बोल बम, हर हर महादेव, नर्मदा मैया की जयकारे के साथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर कांवड यात्रा का शुभारंभ किया गया। समिति के श्रद्धालु कांवड यात्रियों ने जानकारी में बताया कि पूरे विधि-विधान, परंपराओं का पालन करते हुए सभी कांवडिए पद यात्रा के दौरान भजन कीर्तन करते हुए जयकारे लगाते हुए यात्रा करते हैं। हमारा यह प्रयास रहता है कि यात्रा से सनातनी हिन्दुत्व परंपराओं और भक्ति भाव का प्रसार हो, कांवड़ियों की यह पावन यात्रा जिला मुख्यालय के मंदिरों में दर्शन पूजन के साथ प्रारंभ होकर जमुड़ी, किरर, राजेन्द्रग्राम, भेजरी, भुंडाकोना होकर अमरकंटक मां नर्मदा उद्गम मंदिर पहुंचेंगे, वहां माई की पूजा करने के बाद उद्गम कुंड से नर्मदा जल लेकर ज्वालेश्वरधाम शिव मंदिर पहुंचेंगे, यहां नर्मदा जल से रूद्राभिषेक कर पूजा -अर्चना के साथ यात्रा का समापन होगा।

## शिवभक्त डाकघर से 30 रूपए में खरीद सकते हैं गंगाजल




**अनूपपुर।** सावन माह में शिव भक्तों के लिए डाक विभाग ने एक विशेष धार्मिक सेवा शुरू की है, अब भक्तगण सिर्फ 30 रूपए में 250 ग्राम शुद्ध गंगाजल अपने नजदीकी डाकघर से प्राप्त कर सकते हैं, जिससे वे घर बैठे ही भगवान शंकर का अभिषेक कर सकें।

जानकारी देते हुए जिला मुख्यालय स्थित मुख्य डाकघर के पोस्ट मास्टर केके पटेल ने बताया कि यह सेवा जिले के सभी डाकघरों में उपलब्ध है, इसका उद्देश्य उन श्रद्धालुओं की मदद करना है जो किसी कारणवश हरिद्वार या गंगोत्री जाकर गंगाजल नहीं ला पाते। उन्होंने बताया कि गंगाजल की आपूर्ति डाक विभाग द्वारा आधिकारिक रूप से सुनिश्चित की गई है और इसकी शुद्धता तथा पवित्रता का विशेष ध्यान रखा गया है, सावन माह में यह सेवा शिव भक्तों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है, पोस्ट मास्टर ने जानकारी में बताया कि डाक विभाग समय-समय पर धार्मिक और सामाजिक दृष्टिकोण से लोक-कल्याणकारी योजनाएं चलाता है और गंगाजल वितरण उसी श्रंखला का हिस्सा है, श्रद्धालुओं ने भी इस पहल का उत्साहपूर्वक स्वागत किया है।

## बच्चों को बताया गया सीड बॉल से पौधरोपण

**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय हाईस्कूल पिपरिया में प्राचार्य डॉ. विनोद पांडेय द्वारा छात्र-छात्राओं को सीट बॉल से पौधरोपण की तकनीक से परिचित कराया, जिसका उपयोग पौधरोपण के लिए किया जाता है।

सीड बाल मतलब बीजगेंद जिसमें मिट्टी पानी तथा जैविक खाद तथा पौधे के बीच का उपयोग करते हैं। डॉ.पांडेय ने बताया कि बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को देखते हुए तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए और ऑक्सीजन की कमी को दूर करने के लिए हम इस तकनीक का उपयोग करते हैं। इस कार्यक्रम से पौधरोपण न केवल पर्यावरण को संरक्षित करने में मदद करता है बल्कि छात्रों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी को भी बताता है। हम इस तकनीक का उपयोग अन्य पौधों के साथ-साथ फलदार वृक्ष, जामुन ,सीताफल, अमरूद, नींबू के लिए भी कर सकते हैं छात्र-छात्राओं को सीडबाल सीखाने में विद्यालय की व्याख्याता संगीता तिवारी एवं उषा किरण सिंह का विशेष सहयोग रहा। इसके साथ-साथ जरीना परवीन, शर्मिष्ठा दत्ता, अबुल कमर के साथ अन्य छात्र-छात्राओं ने उत्साह से सीडबाल बनाया।



## फलदार पौधों का किया गया रोपण

**बैकुण्ठपुर।** एक पेड़ मां के नाम के तहत 24 जुलाई को हरेली पर्व के अवसर पर छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी मनेन्द्रगढ़ द्वारा विभाग के कार्यपालन यंत्री एनपी सिंह के नेतृत्व में चैनपुर सब स्टेशन एवं संभागीय कार्यालय मनेन्द्रगढ़ में फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर 87 पौधों का रोपण किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में एई गुलाब बघेल, सीएस जगनायक, जेई श्रवण कुमार, मनीष बजाज के अलावा अन्य विभागीय कर्मी उपस्थित रहे।



## बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने दी गई मशीन



**मनेन्द्रगढ़।** समाज सेवा की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के तहत स्व. विष्णु अग्रवाल की पुण्यतिथि के अवसर पर सेवा भारती कन्या छात्रावास की बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने सिलाई मशीन प्रदान की गई।

इस अवसर पर समाजसेवी सुभाष अग्रवाल, क्षेत्रीय खान सुरक्षा अधिकारी हसदेव क्षेत्र आशुतोष पांडे, सेवा भारती के वरिष्ठ पदाधिकारी मनोज अग्रवाल तथा पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी सतीश उपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सेवा भारती कन्या छात्रावास की अधीक्षिका श्रीमती सोनिया ने बताया कि सिलाई मशीन प्राप्त होने से अब छात्रावास की बालिकाएं विद्यालयी शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक कौशल भी सीख सकेंगी, जिससे वे आत्मनिर्भर बनेंगी। यह केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि भविष्य को संवारने का माध्यम है। उन्होंने इस योगदान के लिए स्व. विष्णु अग्रवाल के परिजन घनश्याम, रूपा पोद्दार, यश, आकाश, ओम अंश, श्रेष्ठ, नीरज, पवन, दुर्गेश आदि के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सेवा भारती से जुड़े रहे पूर्व समर्पित पदाधिकारी स्व. केके निशि के द्वारा छात्रावास के उन्नयन में दिए गए योगदान को भी भावभीनी श्रद्धांजलि स्वरूप याद किया गया। उनके प्रयासों को अतिथियों ने प्रेरणास्पद बताया और कहा कि सेवा भारती की यह संस्था न केवल शिक्षा बल्कि संस्कार और स्वावलंबन का केन्द्र हैं।



## हिन्द विद्यालय में हरेली तिहार मना

**चरचा कॉलरी।** छग की समृद्ध लोकपरंपरा और हरियाली से जुड़ा प्रमुख त्यौहार हरेली तिहार 25 जुलाई को हिन्द इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा में हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया।

यह आयोजन विद्यालय परिसर में विशेष रूप से सजावट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पर्यावरण जागरूकता गतिविधियों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक रीति-रिवाजों और नीम पत्तों से सजावट के साथ हुई। छात्रों और शिक्षकों ने गीत, नृत्य एवं गुब्बारा फोड़ प्रतियोगिता जैसी विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। हरेली के इस पावन अवसर पर विद्यालय परिसर में दर्जनों फलदार पौधे लगाए गए, इससे बच्चों में पर्यावरण संरक्षण की भावना को बढ़ावा मिला। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर निसार खान ने कहा कि छात्रों को छग की सांस्कृतिक परंपरा से परिचित कराने और सामूहिकता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। प्राचार्य शशिभूषण राय ने आयोजन की सराहना की। उन्होंने कि इस तरह के कार्यक्रमों से न सिर्फ छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है, बल्कि सामाजिक समरसता और पारंपरिक मूल्यों की समझ भी बढ़ती है। कार्यक्रम में श्रीमती निशा राय, जयदेव पांडे, राजाराम देवांगन, मिंटू कुमार द्विवेदी, मेघा तिवारी, खुशबू यादव, शिल्पी सरकार, कौशर बानो, पूजा नाहक, निशांत, संजय कुमार, मनोज पांडे, हीरा विश्वकर्मा, रूपा विश्वकर्मा, सफीक अहमद, दयानंद ठाकुर, अनिल भगत, रवि कुमार, शाइस्ता, सबा परवीन, आयशा, पुष्पा मंडल, कविता पांडे सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## भाजपा एमसीबी जिले की कार्यकारिणी की बैठक



**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी एमसीबी जिला की नवीन कार्यकारिणी की प्रथम बैठक स्थानीय भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं पुष्पार्पण से किया गया।

सभी पदाधिकारियों ने राष्टसेवा एवं संगठनात्मक निष्ठा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। बैठक में उपस्थित सभी जिला पदाधिकारियों ने भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती पावले का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसीक्रम में श्रीमती पावले ने सभी पदाधिकारियों को अंगवस्त्र प्रदान कर अभिनंदन किया। बैठक में उपाध्यक्ष राजकुमार बधावन, संजय राय, आशीष सिंह, श्रीमती सरोज यादव, महामंत्री द्वारिका जायसवाल, आशीष मजूमदार, मंत्री श्रीमती प्रवीण सिंह, हीरालाल यादव, पवन शुक्ला, फलेन्द्र कुमार चेरवा, प्रवक्ता जमुना पाण्डेय, कोषाध्यक्ष मनोज जैन, सह-कोषाध्यक्ष आनंद गुप्ता, कार्यालय मंत्री (प्रभारी) रमेश यादव, मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी, आईटी सेल संयोजक अरविंद अग्रवाल, सह-संयोजक दीपक देवांगन, सोशल मीडिया संयोजक मनोज केशरवानी, सह-संयोजक रमाशंकर सिंह सहित सभी नवनियुक्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री आशीष मजूमदार ने किया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### लाखों खर्चः नहीं...

सुचारू रूप से संचालित करने की दिशा में कदम उठाने की जरूरत है, ताकि संबंधित क्षेत्र के लोगों को वाटर एटीएम सुविधा का लाभ मिल सके। कई साल बीते पर शुरू नहीं हो सका-जिले के नगर पंचायत पटना में गायत्री मंदिर के निकट स्टेडियम के पास मुख्य मार्ग किनारे लाखों रूपए खर्च कर कोरिया नीर वाटर एटीएम की स्थापना की गई ,लेकिन बनने के बाद से यहां का वाटर एटीएम कई वर्ष बीत जाने के बाद भी शुरू नहीं हो पाया है, जब से वाटर एटीएम स्थापित हुआ, तब से एटीएम का शटर बंद हैं तो अब तक बंद पड़ा है। संबंधित विभाग यहां स्थापित वाटर एटीएम को चालू करने को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रही है। लापरवाही के कारण लाखों रूपए का वाटर एटीएम सड़क किनारे शो पीस बना हुआ है।

### युवक को 3 भालुओं...

ऊपर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिए। युवक के द्वारा तेज आवाज से मदद की गुहार लगाने पर मौके में पहुंचे ग्रामीणों और परिजन द्वारा हल्ला-गुल्ला व शोर शराबा करने से तीनों भालू घने जंगल की ओर भाग गए। इधर गंभीर रूप से घायल युवक को ग्रामीणों के सहयोग से परिजन ने इलाज के लिए जनकपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले आए। अस्पताल में चिकित्सकों ने युवक के गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल शहडोल के लिए रिफर कर दिए।

### नगर निगम चिरमिरी...

दिए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन विस्तार के माध्यम से हर घर तक शुद्ध जल पहुंचाने का लक्ष्य है। बैठक में वन नेशन, वन इलेक्शन जैसे प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई, जिसे सदन में सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से आयुक्त रामप्रसाद आचला, कार्यालय सचिव श्यामदेश पांडे, अधीक्षक उमाशंकर साहू, स्वच्छता प्रभारी उमेश तिवारी, इंजीनियर विजय वधावन, विक्टर वर्मा, राणा सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## रक्षाबंधन पर सैनिकों को समर्पित 1000 राखियां

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की प्रेरणादायक पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

रक्षाबंधन जैसे पावन पर्व को राष्टीय एकता और देशभक्ति से जोड़ते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कोरिया जिला संघ ने एक अभिनव और प्रेरणादायी पहल की है। एक राखी सैनिक भाई के नाम अभियान के तहत जिले की स्कूली छात्राओं द्वारा 1000 राखियां अपने हाथों से तैयार कर देश के वीर सैनिकों को समर्पित की जा रही हैं।

यह प्रदेशव्यापी अभियान राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के आह्वान और राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। कोरिया जिले में इस अभियान को साकार करने के लिए कलेक्टर एवं पदेन संरक्षक चंदन त्रिपाठी, जिला शिक्षा अधिकारी व पदेन जिला आयुक्त जितेन्द्र कुमार गुप्ता, जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू एवं गाइड आशा एक्का के नेतृत्व में क्रियान्वित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के दोनों विकासखंड बैकुंठपुर और सोनहत से चुने गए विद्यालयों की गाइड्स छात्राएं अपने हाथों से देशभक्ति, प्रेम और सम्मान से परिपूर्ण राखियां बना रही हैं। इनमें प्रमुख रूप से शामिल है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अकलासरई, सेजेस महलपारा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रनई, चित्ताझोर पोड़ी, कुड़ेली विद्यालय हर राखी के साथ एक भावनात्मक संदेश पत्र भी संलग्न किया जाएगा। इसमें छात्राओं की भावनाएं, आभार और उनके द्वारा सैनिकों के लिए की गई प्रार्थनाएं दर्ज होंगी।



online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
03 नवंबर से 09 नवंबर 2025, 13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411